# प्रेस-नोट
# थाना मऊरानीपुर

**दिनाँक-23.09.2023**

## 03 शातिर चोरों को चोरी के माल व अवैध असलहा-कारतूस के साथ थाना मऊरानीपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया.

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना मऊरानीपुर पुलिस द्वारा दिनांक 21.09.2023 को पुलिस मुठभेड के दौरान अभियुक्त पंकज अग्रवाल पुत्र स्व0 रतन अग्रवाल निवासी बिलैया चौराहा मोहल्ला गांधीगंज कस्बा व थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी उम्र करीब 37 वर्ष को गिरफ्तार किया गया था जिसके कब्जे से थाना क्षेत्र में हुई चोरियों का माल व अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ था। **पंकज अग्रवाल अन्तर्प्रान्तीय शातिर किस्म का अपराधी** है जिसके विरूद्ध जनपद झांसी, महोबा, चित्रकूट व म.प्र. में लगभग 39 अभियोग पंजीकृत है। चोरी की घटनाओं में सम्मिलित अन्य चोरो की तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही थी जिसके क्रम में आज दिनांक 23.09.2023 को 1.नीरज श्रीवास 2. सूरज विश्वकर्मा 3.यासीन राईन को टीकमगढ़ रोड सुखनई नदी पुल के पास जंगल से मय नाजायज असलहो व कारतूस तथा चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

**संक्षिप्त विवरण-**

सादर अवगत कराना है कि दिनांक 21.09.2023 को 19/20 की रात्रि में जयंती पैलेस के पास एक घर में चोरी हो गई थी, जिससे संबंधित अभियुक्त गण चोरी का माल बंटवारा करने के लिए बाजपेई तालाब पर एकत्रित होने की सूचना पर पुलिस द्वारा बाजपेई तालाब से पंकज अग्रवाल को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से थाना क्षेत्र के मोहल्ला गांधीगंज व ग्राम लुहरगांव में हुई चोरियों का माल व नाजायज तमंचा व कारतूस बरामद हुए थे जिसके संबन्ध में विधिक कार्यवाही की गई।

चोरी की घटनाओं में शामिल अन्य अभियुक्त गण की तलाश की जा रही थी सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना में शामिल अभियुक्त गण नीरज श्रीवास, सूरज विश्वकर्मा व यासीन राईन को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 570/2023 धारा 457/380 भादवि व मु.अ.सं. 573/2023 धारा 457/380 भादवि से संबन्धित माल व नगद रूपये बरामद हुए तथा अभियुक्त सूरज विश्वकर्मा व यासीन राईन के कब्जे से 01, 01 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व 01, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। तीनो उपरोक्त अभियुक्तों ने बताया कि साहब हम तीनो लोग पंकज अग्रवाल के साथ मिलकर चोरी की घटनाये करते है और हम चारो लोगों ने ग्राम लुहरगांव मे रानी देवी के घर व गांधीगंज मे कल्लन रायकवार के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया था काफी सामान हम लोगो ने राह चलते व्यक्तियो को बेच दिया और उनसे मिले रुपयो व चोरी की घटना मे मिले रुपयो मे से काफी रुपया हम लोगो को हिस्से मे मिला था जो खर्च हो चुका है जो हम लोगो के पास बचा था वह आप लोगो ने बरामद कर लिया है आज भी हम लोग चोरी का समान बेचने के लिये हाइवे की तरफ जा रहे थे कि आप लोगो ने पकड लिया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मऊरानीपुर पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 577/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

1. नीरज श्रीवास पुत्र भगवान दास नि0 मु0 पुरानी मऊ शिवगंज पुलिस चौकी के पास कस्बा व थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी उम्र करीब 27 वर्ष
2. सूरज विश्वकर्मा पुत्र घनश्याम विश्वकर्मा नि0 नारायण टाकीज के पीछे मु0 नई बस्ती कस्बा व थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी उम्र करीब 28 वर्ष

3. यासीन राईन पुत्र छिद्दू राईन नि0 वार्ड नं0 15 मु0 नई बस्ती (सियाराम पण्डित के पास) कस्बा व थाना मऊरानीपुर झांसी उम्र करीब 30 वर्ष

**<u>अभियुक्त की गिरफ्तारी का स्थान व दिनाँक-</u>**

टीकमगढ़ रोड सुखनई नदी पुल के पास जंगल थाना क्षेत्र मऊरानीपुर जनपद झांसी, दिनांक 23.09.2023 समय 05.45 AM बजे

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**-

1-अभि0 सूरज विश्वकर्मा के कब्जे से 01 अदद तमन्चा 315 बोर नाजायज व 01 अदद जिन्दा कारतूस, अभि0 यासीन राईन के कब्जे से 01 अदद तमन्चा 315 बोर नाजायज व 01 अदद जिन्दा कारतूस (संबन्धित मु.अ.सं. 577/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट)

2- 21000 रूपये नगद

3-एक अदद एलईडी टीवी

4-बरामद आभूषण (01 अदद पायजेब सफेद धातु, 05 अदद मनचली पीली धातु, 01 नथ पीली धातु, 04 अदद बिछिया व 03 अदद सिक्के सफेद धातु, 05 अदद तोड़िया सफेद धातु)

5-घटना में प्रयुक्त 01 अदद आपे टेम्पो नम्बर UP93T7295

**<u>गिरफ्तार / सहयोग करने वाली टीम थाना मऊरानीपुर –</u>**

1.प्र0नि0 श्री जे.पी. पाल थाना मऊरानीपुर झांसी

2.निरीक्षक श्री अनिल कुमार थाना मऊरानीपुर झांसी

3.उ0नि0 श्री सुरेशचन्द्र तिवारी थाना मऊरानीपुर झांसी

4.उ0नि0 श्री पंकज कुमार मिश्रा थाना मऊरानीपुर झांसी

5.उ0नि0 श्री अंकित पवांर थाना मऊरानीपुर झांसी

6.हे0का0 146 अजहर अहमद थाना मऊरानीपुर झांसी

7.हे0का0 422 शशिभूषण सिंह थाना मऊरानीपुर झांसी

8.का0 908 नवनीत कुमार थाना मऊरानीपुर झांसी

9.का0 653 नरेन्द्र सिंह थाना मऊरानीपुर झांसी

10.का0 211 अशोक मालवीय थाना मऊरानीपुर झांसी

11.का0 774 भूपेन्द्र सिंह थाना मऊरानीपुर झांसी

12.का0 1432 अंशू यादव थाना मऊरानीपुर झांसी